(xiii) Need to implement canal projects on river Ganga at Allahabad, Uttar Pradesh with a view to solve irrigation and drinking water problem in Chayal Parliamentary Constituency

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र चायल, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश गंगा व यमुना नदियों के बीच में बसा है। फिर भी सिंचाई व पेयजल की कमी है। सिरायू विधान सभा के नहरों में 35 साल से पानी नहीं पहूंचा है। कृषक परेशान हैं। किसुनपुर पम्प नहर में, जो यमुना नदी दूसरे जिला फतेहपुर से आती है, टेल तक व संबंधित माइनरों में पानी नहीं पहुंचता है, जिससे लाखों एकड़ भूमि असिंचित रहती है। पूर्व में प्रस्तावित इलाहाबाद में यमुना नदी पर सैदपुर व तिल्हापुर एवं गंगा नदी में सकाढ़ा गांव व जजैली पम्प नहर कैनाल योजना का निर्माण हो, जिससे लाखों एकड़ भूमि (खेती) योग्य जमीनों की सिंचाई हो सके।